हवाई अड्डा पर सामुदायिक पुस्तकालय शुरू

रांची. आइआइएम रांची ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची पर पहली निःशुल्क सामुदायिक पुस्तकालय (कम्युनिटी लाइब्रेरी) स्थापित की है. इसकी स्थापना आरंभ फाउंडेशन और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के सहयोग से आइआइएम की रणनीतिक योजना ह्यूमन कनेक्ट इनिसिएटिव के तहत हुई है. गुरुवार को पुस्तकालय का उदघाटन आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची के निदेशक केएल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया. डॉ श्रीवास्तव के अनुसार हवाई अड्डा पर पुस्तकालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के लिए समृद्ध और बौद्धिक रूप से प्रेरणादायक अनुभव देना है. पुस्तकालय सभी यात्रियों के लिए खुली है, जिसमें विभिन्न शैलियों की पुस्तकों की विस्तृत श्रृंखला है.

Prabhat Khabar, 30.06.2023, Pg. 07